प्रादेशिक समाचार
आकाशवाणी, भोपाल
दिनांक-01.12.2024 समय-7.10एएम

मुख्य समाचार...

- यूके और जर्मनी से मध्यप्रदेश को मिले 78 हज़ार करोड़ के निवेश प्रस्ताव।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आज इंदौर में विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उदघाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खाद वितरण और विक्रय से जुड़ी गड़बड़ियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
- सांची में दो दिवसीय महाबोधी महोत्सव का आज अंतिम दिन।

मध्यप्रदेश प्रदेश निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान और अधिक सशक्त भी हो रही है साथ ही एक अलग छवि बन रही है। यूके और जर्मनी की 6 दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद मुख्यमंत्री ने कल पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा इस यात्रा में लगभग 78 हज़ार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव उद्योगपतियों और निवेशकों से प्राप्त हुये हैं। इससे प्रदेश के समग्र विकास और टेक्नो-फ्रेण्डली युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

मोहन यादव, मुख्यमंत्री

डॉ. यादव ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य न केवल निवेश आकर्षित करना था, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगों, शोध केंद्रों, शिक्षा केंद्रों, सांस्कृतिक केंद्रों का भ्रमण कर उन क्षेत्रों में प्रदेश के युवाओं के लिये रोजगार के अवसरों का सृजन करना था। उन्होंने कहा कि यात्रा में फरवरी- 2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के प्रसार एवं निवेशकों को आकर्षित करने का समग्र और सशक्त प्रयास भी किया गया।

विश्व एड्स दिवस

आज विश्व एड्स दिवस है, एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम यानी एड्स के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष इसे मनाया जाता है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर भी प्रदान करता है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज इंदौर में विश्व एड्स दिवस 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सम्मानित अतिथि होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन 1992 से हर वर्ष पहली दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मना रहा है। यह आयोजन 2030 तक एड्स को समाप्त करने के वैश्विक लक्ष्य को

हासिल करने की दिशा में आ रही चुनौतियों का सामना करने में सहायक हो रहे हैं। पेश है एक रिपोर्ट

विश्व एड्स दिवस-जिला

विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर कल शाम भोपाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एड्स जागरूकता हेतु कैंडल मार्च निकाला गया। जिला चिकित्सालय से प्रारंभ कैंडल मार्च का समापन उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के आवास पर हुआ। रैली में एचआईवी संक्रमण के कारणों एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है और इस बीमारी के लिए जागरूक होना ही इससे बचाव का सबसे बेहतर तरीका है। खंडवा में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज जागरूकता रैली आयोजित की जायेगी। शिवपुरी जिले में "अधिकारों की राह अपनाएं, मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार" की थीम पर आज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

महायुति शपथ ग्रहण

महाराष्ट्र में नवनिर्वाचित महायुति सरकार का शपथ ग्रहण समारोह पांच दिसम्बर को शाम पांच बजे मुंबई के आजाद मैदान में होगा। महाराष्ट्र में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्र शेखर बावनकुले ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में बताया कि शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी शामिल होंगे। महायुति गठबंधन में भारतीय जनता पार्टी, शिवसेना-शिंदे गुट और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-एनसीपी अजीत पवार गुट शामिल हैं। महायुति गठबंधन ने विधानसभा चुनावों में 288 सीटों में से दो सौ तीस सीटों पर जीत हासिल की है। भारतीय जनता पार्टी 132 सीटों के साथ सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी है, जबकि एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना ने 57 और अजित पवार के नेतृत्व वाली एनसीपी ने 41 सीटें हासिल कीं हैं।

महाबोधी महोत्सव

केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कल रायसेन जिले के सांची में दो दिवसीय महाबोधी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने कहा कि सांची के बौद्ध स्तूप की पवित्रता और ज्ञान देश-विदेश में विख्यात है। पूरे विश्व में बौद्ध धर्म को मानने वालों के मन मे यह इच्छा जरूर होती है कि वह अपने जीवनकाल में भारत दर्शन करें और सांची की पवित्र नगरी जरूर देखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र मे दुनिया को संदेश दिया कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी मौजूद रहे।

पीएम आवास

नर्मदापुरम जिले में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से निर्धन परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिल सका है, जो निर्धन परिवार कच्चे घर, झोपड़ी में रह कर जीवन व्यापन कर रहे थे अब वह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पा कर वह पक्के घरों में

निवास करने लगे हैं। नर्मदापुरम नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 1761 पात्र परिवारों का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए किया गया था जिसमे से 1362 हितग्राहियों के मकान पूरी तरह से बन चुके हैं। योजना की लाभार्थी गीता बाई ने आकाशवाणी से चर्चा में बताया कि पक्के घर में प्रवेश उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है।

प्रधानमंत्री- सुरक्षा सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज लगातार दूसरे दिन अखिल भारतीय पुलिस महानिदेशकों और महानिरीक्षकों के वार्षिक सम्मेलन में भाग लेंगे। शुक्रवार को ओडिशा के भुवनेश्वर में शुरू हुए तीन दिवसीय सम्मेलन का आज अंतिम दिन है। सम्मेलन में आज प्रधानमंत्री के साथ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, केंद्रीय गृह सचिव गोविंद मोहन शीर्ष पुलिस अधिकारियों और देश की विभिन्न सुरक्षा एजेंसियों के प्रमुखों के साथ राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े विविध मुद्दों पर चर्चा करेंगे। प्रधानमंत्री और अन्य प्रमुख गणमान्य व्यक्ति पुलिस के समक्ष आने वाले विभिन्न परिचालन और बुनियादी ढांचे से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा करेंगे। आंतरिक सुरक्षा, नए आपराधिक कानून, तटीय सुरक्षा, साइबर अपराध, माओवादी खतरे, कृत्रिम बुद्धिमत्ता तथा ड्रोन जैसी उभरती प्रौद्योगिकियों से उत्पन्न चुनौतियां, आतंकवाद निरोधक रणनीतियों जैसे मुद्दों पर आज चर्चा हो सकती है।

उर्वरक निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। जिन स्थानों से वितरण संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कल विदेश यात्रा से लौटते ही समत्व भवन मुख्यमंत्री निवास में उर्वरकों के वितरण की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पूर्व वर्ष में 470 उर्वरक विक्रय केन्द्र थे। वर्तमान में प्रदेश में 761 विक्रय केन्द्र और काउंटर्स द्वारा वितरण का कार्य किया जा रहा है। विपणन संघ, मार्केटिंग सोसायटी और एमपी एग्रो द्वारा केन्द्रों का सुचारू संचालन किया जा रहा है। प्रदेश में गुणवत्ता नियंत्रण के अंतर्गत 10 हजार से अधिक नमूने विश्लेषित किए गए। साथ ही 45 लायसेंस निलंबित किए गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

- केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने कल शिवपुरी के राजमाता विजयाराजे सिंधिया चिकित्सा महाविद्यालय एवं चिकित्सालय पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।
- डिंडोरी जिले में कलेक्टर ने "हम होंगे कामयाब" पखवाड़ा अंतर्गत जेंडर आधारित हिंसा की रोकथाम हेतु जन जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर प्रचार प्रसार के लिए रवाना किया।
- अपर मुख्य सचिव अनुपम राजन ने कल उद्यानिकी एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग द्वारा

देवास जिले के रालामंडल गाँव में नव निर्मित एग्रोस्पेस स्टीडिंग इंटीग्रेटेड पैक हाउस का अवलोकन किया।

- आगरमालवा जिले में भी 70 वर्ष से अधिक के वरिष्ठजनों के आयुष्मान कार्ड बनाने का कार्य किया जा रहा है। इसी कड़ी मे कल विभिन्न स्थानों पर शिविर आयोजित कर वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड बनाएं गए।
- सिंगरौली में राज्य आनंद संस्थान द्वारा एक दिवसीय परिचय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

मुख्य समाचार एक बार फिर...

- यूके और जर्मनी से मध्यप्रदेश को मिले 78 हजार करोड़ के निवेश प्रस्ताव।
- केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा आज इंदौर में विश्व एड्स दिवस पर राष्ट्रव्यापी कार्यक्रम का उदघाटन करेंगे।
- मुख्यमंत्री मोहन यादव ने खाद वितरण और विक्रय से जुड़ी गड़बड़ियों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए।
- सांची में दो दिवसीय महाबोधी महोत्सव का आज अंतिम दिन।

.....................................

मध्यप्रदेश प्रदेश निवेश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत की वैश्विक पहचान और अधिक सशक्त भी हो रही है साथ ही एक अलग छवि बन रही है। यूके और जर्मनी की 6 दिवसीय यात्रा से लौटने के बाद मुख्यमंत्री ने कल पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा इस यात्रा में लगभग 78 हजार करोड़ रूपये के निवेश प्रस्ताव उद्योगपतियों और निवेशकों से प्राप्त हुये हैं। इससे प्रदेश के समग्र विकास और टेक्नो-फ्रेण्डली युवाओं को रोजगार के अधिकतम अवसर उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

मोहन यादव, मुख्यमंत्री

डॉ. यादव ने बताया कि इस यात्रा का उद्देश्य न केवल निवेश आकर्षित करना था, बल्कि प्रदेश के समग्र विकास के लिए विभिन्न क्षेत्रों के प्रमुख उद्योगों, शोध केंद्रों, शिक्षा केंद्रों, सांस्कृतिक केंद्रों का भ्रमण कर उन क्षेत्रों में प्रदेश के युवाओं के लिये रोजगार के अवसरों का सृजन करना था। उन्होंने कहा कि यात्रा में फरवरी- 2025 में भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट के प्रसार एवं निवेशकों को आकर्षित करने का समग्र और सशक्त प्रयास भी किया गया।

विश्व एड्स दिवस

आज विश्व एड्स दिवस है, एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंसी सिंड्रोम यानी एड्स के बारे में लोगों को जागरूक करने के लिए हर वर्ष इसे मनाया जाता है। यह दिन लोगों को एचआईवी के खिलाफ लड़ाई में एकजुट होने और एचआईवी पीडित लोगों के प्रति समर्थन व्यक्त करने का भी अवसर भी प्रदान करता है। इस मौके पर केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार

कल्याण मंत्री जेपी नड्डा आज इंदौर में विश्व एड्स दिवस 2024 कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव सम्मानित अतिथि होंगे। हमारे संवाददाता ने बताया है कि राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण संगठन 1992 से हर वर्ष पहली दिसम्बर को विश्व एड्स दिवस मना रहा है। यह आयोजन 2030 तक एड्स को समाप्त करने के वैश्विक लक्ष्य को हासिल करने की दिशा में आ रही चुनौतियों का सामना करने में सहायक हो रहे हैं।
पेश है एक रिपोर्ट

विश्व एड्स दिवस-जिला

विश्व एड्स दिवस की पूर्व संध्या पर कल शाम भोपाल में स्वास्थ्य विभाग द्वारा एड्स जागरूकता हेतु कैंडल मार्च निकाला गया। जिला चिकित्सालय से प्रारंभ कैंडल मार्च का समापन उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल के आवास पर हुआ। रैली में एचआईवी संक्रमण के कारणों एवं बचाव के संबंध में जानकारी दी गई। इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि एड्स एक गंभीर बीमारी है और इस बीमारी के लिए जागरूक होना ही इससे बचाव का सबसे बेहतर तरीका है। खंडवा में विश्व एड्स दिवस के अवसर पर आज जागरूकता रैली आयोजित की जायेगी। शिवपुरी जिले में "अधिकारों की राह अपनाएं, मेरा स्वास्थ्य, मेरा अधिकार" की थीम पर आज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

महाबोधी महोत्सव

केंद्रीय अल्पसंख्यक एवं संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने कल रायसेन जिले के सांची में दो दिवसीय महाबोधी महोत्सव का शुभारंभ किया। इस अवसर पर श्री रिजिजू ने कहा कि सांची के बौद्ध स्तूप की पवित्रता और ज्ञान देश-विदेश में विख्यात है। पूरे विश्व में बौद्ध धर्म को मानने वालों के मन मे यह इच्छा जरूर होती है कि वह अपने जीवनकाल में भारत दर्शन करें और सांची की पवित्र नगरी जरूर देखें। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2014 में संयुक्त राष्ट्र मे दुनिया को संदेश दिया कि भारत ने दुनिया को युद्ध नहीं बुद्ध दिया है। कार्यक्रम में प्रदेश के स्वास्थ्य राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल और सांची विधायक डॉ प्रभुराम चौधरी मौजूद रहे।

पीएम आवास

नर्मदापुरम जिले में भी प्रधानमंत्री आवास योजना के माध्यम से निर्धन परिवारों को पक्के मकान का लाभ मिल सका है, जो निर्धन परिवार कच्चे घर, झोपड़ी में रह कर जीवन व्यापन कर रहे थे अब वह प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ पा कर वह पक्के घरों में निवास करने लगे हैं। नर्मदापुरम नगरपालिका क्षेत्र अंतर्गत 1761 पात्र परिवारों का चयन प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए किया गया था जिसमे से 1362 हितग्राहियों के मकान पूरी तरह से बन चुके हैं। योजना की लाभार्थी गीता बाई ने आकाशवाणी से चर्चा में बताया कि पक्के घर में प्रवेश उनके लिए किसी सपने से कम नहीं है।

उर्वरक निर्देश

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध हैं। जिन स्थानों से वितरण संबंधी शिकायतें प्राप्त हो रही हैं, वहां दोषियों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाए। मुख्यमंत्री ने कल विदेश यात्रा से लौटते ही समत्व भवन मुख्यमंत्री

निवास में उर्वरकों के वितरण की समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि प्रदेश में पूर्व वर्ष में 470 उर्वरक विक्रय केन्द्र थे। वर्तमान में प्रदेश में 761 विक्रय केन्द्र और काउंटर्स द्वारा वितरण का कार्य किया जा रहा है। विपणन संघ, मार्केटिंग सोसायटी और एमपी एग्रो द्वारा केन्द्रों का सुचारू संचालन किया जा रहा है। प्रदेश में गुणवत्ता नियंत्रण के अंतर्गत 10 हजार से अधिक नमूने विश्लेषित किए गए। साथ ही 45 लायसेंस निलंबित किए गए हैं।

-----------------------------------